
**आज, दिनांक 01 दिसंबर 2023 शाम 04.30 बजे उदय प्रताप कालेज, वाराणसी के छात्र - छात्राओं ने विश्व एड्स दिवस पर मिशन शक्ति द्वारा आयोजित ऑनलाइन "एड्स से बचाव के उपाय" विषय के कार्यक्रम में भाग लिया। ऑनलाइन कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के यशस्वी प्राचार्य प्रो.धर्मेंद्र कुमार सिंह जी के दिशा निर्देश एवं शुभकामनाओं के साथ हुआ। मिशन शक्ति की कार्यक्रम अधिकारी प्रो.रश्मि सिंह जी ने बताया कि 1 दिसंबर को हर साल विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। यह एचआईवी संक्रमण से होने वाली जानलेवा बीमारी एड्स के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है और इसका मकसद बीमारी के खिलाफ दुनिया भर के लोगों को एकजुट करने, एचआईवी से पीड़ित लोगों के साथ समर्थन दिखाने, एड्स से मरने वालों को याद करने और नए संक्रमणों को रोकने के खिलाफ जागरूकता फैलाना है। एड्स का कारण है एचआईवी या ह्यूमन इम्युनोडिफेशिएंसी वायरस। ये वायरस शरीर के इम्यून सिस्टम (प्रतिरक्षा तंत्र) पर हमला करता है और उसे इतना कमजोर कर देता है कि शरीर दूसरा कोई संक्रमण या बीमारी सहन करने के काबिल नहीं बचता अगर इसका समय पर इलाज नहीं किया गया तो ये आगे चलकर AIDS बन जाता है। दुनिया भर में फिलहाल इसका पुख्ता इलाज नहीं है लेकिन कुछ दवाओं के जरिए मरीज का इम्युन सिस्टम मजबूत बनाए रखा जाता है ताकि वो जिंदा रह सकें। उन्होंने 'ART' रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि वर्तमान में सबसे अधिक एचआईवी संक्रमण युवाओं में हुआ है जिसमे 20 से 35 वर्ष के युवा अधिक हैं। उन्होंने इसके रोकथाम के लिए जन जन तक जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। आज के कार्यक्रम की प्रमुख वक्ता प्रो. प्रज्ञा परमिता जी ने 1 दिसंबर के महत्व तथा विश्व एड्स दिवस 2023 के थीम "Let Communities Lead" के महत्व को बताते हुए AIDS का पूरा नाम "Acquired Immune Deficiency Syndrome" तथा HIV का पूरा नाम "Human Immunodeficiency Virus" बताया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में एक डाटा का अनुसार विश्व में लगभग 3.53 करोड़ लोग एचआईवी से प्रभावित है जिसमे भारत में लगभग 23.49 लाख लोग एचआईवी के मरीज हैं। यह बीमारी वायरस जनित है जिसके होने से मनुष्य की प्रतिरोधक क्षमता पूरी तरह से नष्ट हो जाती है जिससे उसका स्वास्थ्य छोटी- छोटी बीमारियों से भी लड़ने में अक्षम हो जाता है यदि हम समय से इसका इलाज और उपचार न करें तो यह बीमारी जानलेवा बन जाती है। एड्स कैसे होता है? इससे कैसे बचा जा सकता है? इस पर उन्होंने कार्यक्रम में बताया कि लोगो को असुरक्षित यौन संबंधों से बचना चाहिए, सिरिंज का दोबारा प्रयोग नही करना चाहिए, संक्रमित व्यक्ति का खून नही चढ़वाना चाहिए, युवा वर्ग टैटू बनवाने में भी सावधानी आदि यदि बरतें तो इस घातक और जानलेवा बीमारी से बचा जा सकता है। कार्यक्रम की द्वितीय वक्ता प्रो. अंजू सिंह जी ने इस बीमारी की गंभीरता को बताते हुए लोगो को अधिक से अधिक जागरूक करने के लिए कहा और छुआछूत आदि से एड्स बीमारी होने और फैलने की जो समाज में भ्रांतियां फैली है उसे खत्म करने पर जोर दिया। इस जागरूकता कार्यक्रम में शिक्षक और छात्र - छात्राओं की अहम भूमिका तथा मिशन शक्ति ,महिला शक्ति की भी इस जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका बताई। उन्होंने कहा कि एचआईवी से प्रभावित व्यक्ति को सम्मान देना चाहिए न कि उससे दूर होना चाहिए और हमे उनसे समान व्यवहार करना चाहिए जिससे उन्हें आत्मबल प्राप्त हो। एचआईवी रोगी को को भी इससे नही घबराने की सलाह दिया कि बीमारी होने पर हिम्मत से काम लेते हुए समय से इलाज और दवा करवाने की सलाह दी। अंत में श्री अग्नि प्रकाश शर्मा ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी शिक्षक एवं छात्र - छात्राओं को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.अंकित जी ने किया तथा कार्यक्रम में डॉ.राजेश राय, डॉ. संजीव सिंह भी शामिल रहे।**

**To join the meeting on Google Meet, click this link:**

**https://meet.google.com/rhn-hrmb-cbu**

**कार्यक्रम की कुछ झलकियां –**


4:38
rhn-hrmb-cbu
Pragya
Rashmi
Ka...
Su...
A
Ak...
Anju
Ram bali Verma joined

4:34

# About this call

People | Information | Activities

SHIVANEE SINGH

SHREYANSH SINGH

Shubham Singh

SONE LAL PATEL

Srijan Yadav

Suchita raj

Sudheer kumar Singh

Suraj Patel


Surybhan Amb

Swarneema Gautam

Tanishq Singh

Udit Narayan Sin





4:37
rhn-hrmb-cbu
Anju
Navya
Shubham
SHREYAN...
REETIK
Shalini
Aryan kushwaha joined


4:34

# About this call

People | Information | Activities

- Priya Saroj
- Priyanshi Singh (2204150)
- Rakesh Kumar
- REETIK KUMAR (Riki)
- Ritesh Patel
- sandeep kumar
- shakti singh
- Shalini Mishra
- sharad mishra
- SHIVANEE SINGH
- SHREYANSH SIN


4:39
rhn-hrmb-cbu
Pragya
Rashmi
R
Ka...
Su...
A
Ak...
Anju
You
41 others


4:40
rhn-hrmb-cbu
Pragya
Rashmi
Ka...
Su...
Ak...
REETIK
You
43 others